**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.09.2024 / प्रादेशिक समाचार 19:45बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने कहा–शानन जल विद्युत परियोजना को हिमाचल को सौंपने को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी राज्य सरकार।
- वर्षा व बादल फटने की पूर्व चेतावनी के लिए प्रदेश में स्थापित होंगे 48 स्वचलित मौसम केन्द्र– फ्रांस की एक एजेंसी देगी 8 सौ 90 करोड़ रूपये की मदद।
- संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण मामले पर उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड व संबंधित जेई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के दिए आदेश।
- देश व प्रदेश में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया गणेश चतुर्थी का पर्व।

**शानन परियोजना**

राज्य सरकार शानन जल विद्युत परियोजना को लेकर उच्चतम न्यायालय का रूख करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में बताया कि जोगिन्द्रनगर में एक सौ 10 मैगावॉट की शानन जल विद्युत परियोजना को हिमाचल को सौंपा जाना चाहिए क्योंकि पंजाब के पक्ष में इस परियोजना की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए उचित दावों को न्यायालय में पेश करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय से पंजाब सरकार को ये परियोजना हिमाचल को सौंपे जाने को लेकर आदेश जारी करने का आग्रह किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस मामले को केंद्र और पंजाब सरकार के समक्ष भी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में प्रदेश के न्याय संगत अधिकारों को सुरक्षित करने के मामले में भी तेजी लाई जाएगी और इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा पहले ही निर्णय लिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाईड्रो क्षेत्र में प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए विद्युत परियोजनाओं में 12, 18 और 30 फीसदी रॉयल्टी लेने का निर्णय लिया गया है जबकि 40 वर्ष बाद परियोजना को राज्य सरकार को सौंपे जाने का प्रावधान भी किया गया है।

**समझौता ज्ञापन**

प्रदेश में मौसम संबंधी आंकड़ों की सटीकता और जलवायु संबंधी चुनौतियों से त्वरित निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में शिमला में राज्य सरकार ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में प्रदेश में 48 स्वचलित मौसम केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में आईएमडी द्वारा स्थापित 22 स्वचलित मौसम केंद्र क्रियाशील हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम केंद्रों का यह तंत्र स्थापित होने से प्रदेश में पूर्व चेतावनी प्रणाली और आपातकालीन स्थितियों जैसे अत्याधिक वर्षा, बाढ़ और बादल फटने जैसी घटनाओं का बेहतर

तरीके से प्रबंधन सुनिश्चित होगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार की विस्तृत आपदा और जलवायु जोखिम न्यूनीकरण परियोजना के लिए फ्रांस की एजेंसी एएफडी के साथ सहमति बनी है, जिसके अंतर्गत एएफडी परियोजना के लिए 8 सौ 90 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कुशल प्रबंधन व हेलीपैड निर्मित करने के साथ–साथ आपदा प्रबंधन के लिए एक राज्य संस्थान की स्थापना की जाएगी और एक नई राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल कंपनी का गठन भी किया जाएगा।

**जगत सिंह नेगी**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्र सरकार से सेब सीजन के दौरान विदेशों से सेब के आयात पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विदेशों से आयात होने वाले सेब के कारण प्रदेश के बागवानों को भारी नुकसान होता है और सेब का आयात शुल्क बढ़ाया जाना चाहिए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विदेशी सेब पर आयात शुल्क 75 से 50 फीसदी किया गया है जिसे अब और घटाने की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे हिमाचल के सेब बागवानों को नुकसान होगा। बागवानी मंत्री ने कहा कि भारत में इस समय 32 देशों से पांच लाख टन सेब आयात हो रहा है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने बच्चों से पढ़ाई के साथ–साथ खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने का आहवान किया है। सोलन जिले के ममलीग में आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की तीन दिवसीय खेल–कूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों के लगभग साढ़े तीन सौ खिलाड़ियों ने कबड्डी, वॉलीबॉल, खो खो, बैडमिंटन और कुश्ती जैसी स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को प्रोत्साहित कर रही है और ओलंपिक्स, एशियाई व राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सम्मान राशि में बढ़ौतरी की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रह कर समाज का एक जागरूक इनसान बनने का आहवान किया। कबड्डी में कहलोग स्कूल, वॉलीबॉल में ममलीग और खो–खो में डुमैहर स्कूल पहले स्थान पर रहे।

**संजौली–मस्जिद**

शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण मामले पर उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड और संबंधित जेई को फटकार लगाते हुए स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्तूबर को होगी। हिंदू संगठन के वकील जगत पाल ने आज शिमला में बताया कि वक्फ बोर्ड ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके ये मस्जिद बनाई है। अदालत ने वक्फ बोर्ड से मस्जिद की पांच मंजिले बनाने और इससे स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियों के संबंध में भी जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि जब अढ़ाई मंजिल मस्जिद का नक्शा पास था तो वह पांच मंजिला कैसे बन गई। वक्फ बोर्ड के वकील भूप सिंह के मुताबिक उन्हें सिर्फ एक मंजिल के निर्माण की जानकारी है लेकिन मस्जिद की चार मंजिले बनाने की कोई जानकारी नहीं है। वक्फ बोर्ड के स्टेट ऑफिसर कुतुबदीन का कहना है जिस ज़मीन पर मस्जिद बनी है वो वक्फ बोर्ड की है और

रिकॉर्ड में सिर्फ एक मंजिल दर्ज है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से आए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय मस्जिद कमेटी को दरकिनार कर अवैध रूप से मस्जिद की चार और मंजिले बना दीं है।

**गणेश चतुर्थी**

देश सहित प्रदेश भर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। लोग अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। 10 दिन तक चलने वाले उत्सव के दौरान बप्पा की पूजा करते हैं और अंतिम दिन प्रतिमा को धूमधाम से विसर्जित किया जाता है। इस दिन को विनायक चतुर्थी और गणेश उत्सव भी कहते हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गणेश चतुर्थी के अवसर पर कई धार्मिक आयोजन किए गए।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कांग्रेस पार्टी पर अपनी गारंटियों से पलटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 15 सौ रूपए देने की गारंटी दी थी लेकिन अब इसमें शर्तें लगाई जा रही हैं। कर्ण नंदा ने कहा कि राज्य सरकार के मुताबिक अब परिवार की सिर्फ एक महिला को ही 15 सौ रूपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 18 से 60 वर्ष की आयु की लगभग 8 लाख महिलाओं ने आवेदन किए हैं जिनमें से मात्र 28 हजार दो सौ 49 महिलाओं को ये राशि जारी हुई है। नंदा ने कहा कि दो हजार तीन सौ 84 आवेदन पात्रता पूरी न होने के कारण रदद किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा झूठी गारंटी देकर महिलाओं को ठगा गया है।

**अग्निवीर**

शिमला जिले के रामपुर में 3 से 7 सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली में दो हजार आठ सौ युवाओं ने शारीरिक योग्यता परीक्षा दी है। सेना भर्ती कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्पिंदर कौर ने बताया कि ये भर्ती रैली शिमला, सोलन, किन्नौर और सिरमौर जिले के युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सिरमौर जिले के लगभग पांच सौ युवाओं ने सेना में सैनिक सामान्य डयूटी के लिए शारीरिक योग्यता व शारीरिक माप परीक्षा दी। भर्ती निदेशक ने बताया कि कल 8 सितंबर को मैडिकल टैस्ट होगा जबकि 9 सितंबर तक भर्ती रैली सम्पन्न होगी। चयनित अग्निवीरों को ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

**शाही स्नान**

राधा अष्टमी के दिन डलझील में होने वाले शाही स्नान के लिए चंबा के ऐतिहासिक चरपट नाथ मंदिर से भगवान भोलेनाथ कैलाश मानसरोवर के लिए छड़ी यात्रा रवाना हुई। डलझील में शाही स्नान 11 सितंबर को होगा और इसके साथ ही मणिमहेश की पवि्त्र यात्रा सम्पन्न होगी।

**प्रवेश तिथि**

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने सभी संबद्ध सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजों में स्नातक और शास्त्री कक्षाओं में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 12 सितम्बर तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जो विद्यार्थी किसी कारणवश तय समय में प्रवेश नहीं ले पाए हैं उनकी सुविधा के लिए ये निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी कॉलेजों को इन आदेशों को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री ने कहा–शानन जल विद्युत परियोजना को हिमाचल को सौंपने को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी राज्य सरकार।
- वर्षा व बादल फटने की पूर्व चेतावनी के लिए प्रदेश में स्थापित होंगे 48 स्वचलित मौसम केन्द्र– फ्रांस की एक एजैंसी देगी 8 सौ 90 करोड़ रूपये की मदद।
- संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण मामले पर उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड व संबंधित जेई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के दिए आदेश।
- देश व प्रदेश में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया गणेश चतुर्थी का पर्व।